आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान सागर में तेल और गैस की संभावनाओं का पता लगाने और इसकी खोज के लिए ऑयल इंडिया से टीम पोर्ट ब्लेयर आई हुई है।
- सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में पर्यटन उत्सव को सफल बनाने के लिए हितधारकों से आगे आने का अनुरोध किया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मुस्लिम महिला को तलाक के बाद पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल के प्रसस्ति पत्र से सम्मानित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।
- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत अगले तीन–चार वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

<><><><><><><>

अंडमान सागर में तेल और गैस की संभावनाओं का पता लगाने और इसकी खोज के लिए ऑयल इंडिया से टीम पोर्ट ब्लेयर आई हुई है और पोर्ट ब्लेयर में कम्पनी का कार्यालय भी स्थापित किया गया है। ऑयल इंडिया के निदेशक एच आर अशोक दास ने बताया कि कुल तीन स्थलों की पहचान की गई है, जिनमें एक अंडमान द्वीप के पश्चिमी भाग और दो स्थल पूर्वी भाग में हैं, जहां गैस की खोज की जाएगी।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में पर्यटन उत्सव को सफल बनाने के लिए हितधारकों से आगे आने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के पर्यटन उत्सव आयोजित करने के लिए उनका विभाग हितधारकों को पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि कार्वाइंस कोव में आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव का उद्देश्य द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटन गंतव्य के रूप में लोकप्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि द्वीपों में संगीत संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है और इसमें भी हितधारकों की अहम

भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्सव में पर्यटन उद्योग का बहुत बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि इस मानसून पर्यटन उत्सव में मुख्यभूमि के दो बैंड के साथ कलाकार पार्थो को भी आमंत्रित किया गया है।

मानसून पर्यटन उत्सव में तेरह और चौदह जुलाई को पुरूष और महिलाओं के लिए टग ऑफ वार और बीच वॉलीबॉल का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से आज और कल अपने नाम सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग में शिव प्रसाद और एम्बलूस लकड़ा के पास दर्ज कराने को कहा गया हैं। चौदह जुलाई को कयाकिंग और जेट स्की जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। पंजीकरण के लिए अंडमान सी एडवेंचर एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्योति राजन से संपर्क किया जा सकता है। विजेता और उप–विजेता टीम को नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–एक सौ पच्चीस के अन्तर्गत एक मुस्लिम महिला को अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। न्यायाधीश बी0 वी0 नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने इस मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति ने धारा–एक सौ पच्चीस सी आर पी सी के अन्तर्गत अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता देने संबंधी निर्देश के विरूद्ध याचिका दायर की थी। पीठ ने यह भी आदेश दिया कि आवेदन लम्बित रहने के दौरान अगर महिला को तलाक दिया जाता है तो वह विवाह अधिकार संरक्षण संबंधी दो हजार उन्नीस के अधिनियम का सहारा ले सकती हैं। पीठ ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम उन्नीस सौ छियासी धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा। पीठ ने यह भी कहा कि दो हजार उन्नीस के अधिनियम के तहत उपाय सी.आर.पी.सी. की धारा एक सौ पच्चीस के तहत उपाय के अतिरिक्त है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल का प्रसस्ति पत्र प्रदान करने के लिए अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह के नागरिको से आवेदन आमंत्रित किए गए है। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने कला, वाणिज्य, शिक्षा, खेल, खेल और संस्कृति और समाज कल्याण आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिए है या किसी भी क्षेत्र में अपनी सराहनीय सेवाएं दे चुके हैं। वे आवेदन कर सकते

हैं। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन बाईस जुलाई शाम पांच बजे तक सभी ज़रूरी औपचारिकताओं की पूर्ति और प्रमाणपत्र के साथ सचिवालय के गोपनीय प्रकोष्ट में पहुंच जाने चाहिए।

<><><><><><><>

वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुष की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाया जाएगा। आज गुप्तापाड़ा के सामुदायिक हॉल और कल कालीकट सामुदायिक हॉल में शिविर लगेगा। तेरह जुलाई को सीतानगर दो सामुदायिक हॉल में शिविर लगेगा। सोलह जुलाई को मक्का पहाड़ और तेईस जुलाई को टेलराबाद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदर्शनी लगेगी और मोटे अनाज के लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत अगले तीन–चार वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ – फिक्की की राष्ट्रीय समिति की कार्यकारी बैठक में श्री गोयल ने कहा कि सरकार देश को एक विनिर्माण केंद्र बनाने, वैश्विक मूल्य श्रृंखला में शामिल करने और अधिक क्षमता केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

वित्त मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के बैंकों से पी.एम. स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और जन समर्थ पोर्टल जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत अधिक ऋण प्रदान करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य कुशल कारीगरों और रेहड़ी पटरी वालों को ज्यादा से ज्यादा रोज़गार उपलब्ध कराना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने निर्धन कामगारों के लिए रोजगारोन्मुखी योजनाओं की प्रगति पर निजी क्षेत्र के बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री जोशी ने जन समर्थ पोर्टल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सरकार की ऋण योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। यह प्लेटफ़ॉर्म उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के साथ ही बैंकों को अधिक ग्राहक आकर्षित करने में सहायक है।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रथम वर्ष डिप्लोमा कार्यक्रम और छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए अंशकालिक योग इंस्ट्रक्टर्स की नियुक्ति की जाएगी। बारह जुलाई को दिन में बारह बजे संस्थान में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। चुने गए उम्मीदवारों को साढ़े सात सौ रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा अट्ठारह हजार

रूपये प्रतिमाह होगी। इच्छुक उम्मीदवार दस्तावेज कल तक संस्थान के अकादमिक प्रकोष्ठ में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपराज्यपाल के प्रसस्ति पत्र से सम्मानित करने के लिए लोगों से आवेदन आमंत्रित करने तथा पोर्ट ब्लेयर में मानसून पर्यटन उत्सव आयोजित होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया हैं। मुख्य सचिव ने ननकौडी तहसील में ई–कॉर्नर का वर्चुअल उद्घाटन किया– इंफो इंडिया की खबर है। द इको ऑफ इंडिया ने भी इसी खबर को पहले पन्ने में प्रमुखता दी है। उपराज्यपाल की परिवीक्षाधीन आई. पी. एस. अधिकारियों से मुलाकात करने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>